अग्रवाल महाविद्यालय में प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 05–04–2018 से जिला रेड क्रास सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से सात दिवसीय प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ। यह शिविर दिनांक 11–04–2018 तक चलेगा। इस शिविर में महाविद्यालय की युवा रेड क्रास की तीनों इकाइयों के 30 चयनित स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व सेंट जॉन एम्बुलेंस फरीदाबाद के प्रशिक्षक श्री. दर्शन भाटिया ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रेड क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता की जानकारी देना है। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, जलने का उपचार, डूबने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है और किस विधि से हस्पताल पहुँचाना है तथा सांप, बन्दर, बिच्छु व कुत्ते के काटने और जहर फलने पर प्राथमिक उपचार जैसी विभिन्न जानकारियां दी जाएगी। महाविद्यालय के युवा रेड क्रॉस मुख्य संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने मंच संचालन करते हुए रेड क्रॉस के गठन, उद्देश्य और युवा रेड क्रॉस द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और जानकारी दी की और संबोधन में विद्यार्थियों को अपनी सोच व नज़र बदलने पर ज़ोर दिया। शिविर का आज जिला रैड़ क्रॉस सोसायटी के सचिव श्री श्याम सुन्दर शर्मा ने भी अवलोकन किया। उन्होंने महाविद्यालय सभागार में उपस्थित सभी यूवा रैड़ क्रॉस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर छात्र को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए।

जो भी उन्हें प्राप्त है, पर्याप्त है। उन्होंने दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या व कुसंगति से दूर रहने का आह्वान किया और सभी को एक साथ रहने की प्रेरणा दी। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने उपस्थित सभी अतिथि श्री वी.वी. कथूरिया, श्री जतिन शर्मा, श्री दर्शन भाटिया और प्राध्यापकों का धन्यवाद किया। सफल स्वयंसेवकों को परीक्षा उपरान्त प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर युवा रेड क्रॉस इकाई द्वितीय व तृतीय के काउंसलर डॉ. विनोद राठी व श्री लवकेश भी उपस्थित थे।